08022025-DTM-05_27DT02A.qxd 07-02-2025 22:43 Page 1



## थानेसर नगर परिषद के चेयरमैन, पार्षद पद का चुनाव लड़ने के लिए कई इच्छुक

# भाजपा कार्यालय में आवेदन के लिए लगी होड़

विनोद जिंदल/हप्र

कुरुक्षेत्र, 7 फरवरी



कुरुक्षेत्र में शुक्रवार को पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के नेतृत्व में भाजपा ज्वाइन करते युवा। -हप्र

थानेसर नगर परिषद के चेयरमैन तथा पार्षदों के चुनाव को लेकर इच्छुक लोगों में होड़ लगी हुई है। उथल-पुथल का दौर भी शुरू हो गया है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुक्रवार चुनाव लड़ने के इच्छुक व्यक्तियों से उम्मीदवार बनने के लिए चुनावी फार्म भरवाने का कार्यक्रम तय किया। भाजपा कार्यालय में चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। भाजपा के कई ड़े नेताओं, बड़े नेताओं की पत्नियों तथा कई रिश्तेदारों ने भी आवेदन फार्म दिए। चेयरमैन पद के लिए ही 25-30 आवेदन पहुंचे और पार्षद पर चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों के आवेदन फार्मों का आंकड़ा तो लगभग 150 के आसपास बताया जा रहा है। चाहे इन आंकड़ों की भाजपा के किसी पदाधिकारी ने पुष्टि नहीं की है, लेकिन आवेदन देने के लिए जो भीड़ भाजपा कार्यालय में जमा थी उससे साफ लग रहा था कि भाजपा के उम्मीदवार बनने की लोगों में होड़ लगी हुई है।

इस अवसर पर यह भी देखने में आया कि कुछ लोग तो शुक्रवार को ही भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए और अपना आवेदन भी किया। ऐसा भी पता चला है कि कुछ ऐसे लोग भी हैं जो अभी भाजपा में शामिल तो नहीं हुए, लेकिन उन्होंने अपना आवेदन जमा करवाया है। ऐसे लोगों में कई बड़े नेताओं के नाम भी लिए जा रहे हैं। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने तो उत्साहित होकर यहां तक कहा कि नगर परिषद चुनाव में कांग्रेस की कई विकटें धीरे-धीरे गिरेंगी और आने वाले समय में कांग्रेस का कोई नामलेवा नहीं रहेगा। उन्होंने पार्टी की प्रशंसा करते हुए बताया कि आज ही थानेसर से पहले भी पार्षद का चुनाव लड़ चुके कांग्रेसी नेता सुधीर चुघ, पूर्व पार्षद अंजु नय्यर के पति बिट्टू नय्यर ने भी आज कांग्रेस को अलविदा कह दिया है और वे विधिवत रूप से भाजपा में शामिल हो गए हैं। सुभाष सुधा ने उन्हें भाजपा के पटके पहनाकर उनका पार्टी में आने पर स्वागत किया।

### चुनाव की तैयारियों के कांग्रेस की बैठक कल

थानेसर नगर परिषद के चुनावों में अपने उम्मीदवार उतारने के लिए कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस द्वारा 9 फरवरी को कांग्रेस भवन कुरुक्षेत्र में एक बैठक बुलाई है। बैठक में जहां चुनावों के संबंध में पार्टी द्वारा बनाए गए पर्यवेक्षक विधायक निर्मल सिंह भाग लेंगे, वहीं पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय छोकर भी बैठक में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा, शाहबाद के विधायक रामकरण काला, पिहोवा के विधायक मंदीप चट्ठा तथा लाडवा के पूर्व विधायक मेवा सिंह भी उपस्थित रहेंगे। माना जा रहा है कि कांग्रेस की बैठक में चुनाव लड़ने के काफी लोग और पूर्व पार्षद उपस्थित रहेंगे।

## 'युवा अपनी ऊर्जा राष्ट्रहित में लगायें'

नरवाना, 7 फरवरी (निस)

युवाओं को अपनी ऊर्जा समाज व राष्ट्रहित के कार्यों में लगानी चाहिए। यह बात प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा व युवा नेता कर्ण प्रताप सिंह ने केएम राजकीय महाविधालय में छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कही । वे शुक्रवार को केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में युवा जन जागृति संगठन ने संगठन प्रमुख सुमित हमीरगढ़ की अध्यक्षता में त्यागमूर्ति रमाबाई अम्बेडकर के जन्म दिवस पर छात्र संवाद कार्यक्रम में बोले रहे थे। महाविद्यालय की प्राचार्या व समस्त स्टाफ ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

कर्ण प्रताप सिंह ने माता रमाबाई अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छात्रों को माता रमाबाई के त्यागपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। बाबा साहब अम्बेडकर के आदर्शमय जीवन के निर्माण में सबसे बड़ा योगदान उनकी पत्नी रमाबाई का था।

## वेस्टर्न सिडनी विवि के प्रतिनिधिमंडल ने एमएचयू का किया दौरा

# हाईटेक बागवानी पर मिलकर करेंगे शोध

करनाल, 7 फरवरी (हप्र)



करनाल में एमएचयू के कुलपति डॉ सुरेश मल्होत्रा शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए। -हप्र

वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, आस्ट्रेलिया के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय का दौरा किया। एमएचयू कैंपस में कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। प्रतिनिधि मंडल में निदेशक प्रो. इयान एडरसन तथा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष डॉ. कोपल चौबे शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने बागवानी महाविद्यालय का भ्रमण किया और वैज्ञानिकों से बातचीत कर उनके विषयों के बारे में जाना, उनके द्वारा किए जा रहे शोध पर बातचीत की। कई विद्यार्थियों ने सवाल भी पूछे। इन सवालों में मुख्य प्रश्न एडमिशन की प्रक्रिया, स्कॉलशिप की संभावनाएं, डिग्री की मान्यता, इंटरशिप, कृषि उद्योग, स्टार्टअप, एंटरप्रन्योरशिप विषयों पर चर्चा हुई। कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने बताया कि एमएचयू-वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी शिक्षा, शोध पर मिलकर काम करेंगे। जिसमें हाईटेक बागवानी, सतत बागवानी, जलवायु परिवर्तन पर अनुबंध होगा। प्रो. इयान एडरसन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया बड़ा देश हैं, वहां की जनसंख्या कम हैं, लेकिन बागवानी की खेती कर ऑस्ट्रेलिया का किसान न केवल अपने देश की जरुरतों को पूरा कर रहा है, साथ ही दूसरों देश के लिए फल सब्जियों की जरूरतों को पूरा करने में सहयोग कर रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया में बागवानी के क्षेत्र में अपार संभावनाएं है और रोजगार के असीमित अवसर हैं। दोनों ही विश्वविद्यालय मिलकर बागवानी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं शिक्षा को बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। दोनों ही विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी दोहरी डिग्री भी हासिल कर सकेंगे। इस मौके पर अनुसंधान निदेशक और डीन प्रो. रमेश गोयल ने एमएचयू की उपलब्धियों के बारे के बारे में जानकारी दी।

## केयू में स्मृति व्याख्यान आयोजित

# 'प्रो.पीसी जैन ने देश के प्रति अपने कर्तव्यों का किया निर्वहन'



कुरुक्षेत्र में शुक्रवार को दीप प्रज्वलित कर व्याख्यान का शुभारंभ करते कुलपति और अन्य। -हप्र

कुरुक्षेत्र, 7 फरवरी (हप्र)

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग ने 'फसल आकलन सर्वेक्षण और फसल सांख्यिकी योजना में सुधार के विशेष संदर्भ के साथ कृषि सांख्यिकी' पर शुक्रवार को तीसरे पीसी जैन स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रो. पीसी जैन योगस्थः कुरु कर्माणि की सच्चे शब्दों में प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने सदैव योग स्थित होकर राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। इस अवसर पर डॉ. अजय गर्ग, रजिस्ट्रार, दीनबंधु छोटू राम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल, सोनीपत ने प्रो. पी.सी. जैन के बारे में अपनी यादें साझा की। प्रो. राणा ने भी प्रो. पीसी जैन के बारे में मुख्य बातों का जिक्र किया। उल्लेखनीय है कि प्रो. पीसी जैन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसरों रहे हैं। उनका सबसे महत्वपूर्ण शोध कृषि क्षेत्र में टैक्ससेशन पर रहा।

## डबवाली जिला गठन के लिए प्रक्रिया जारी

# जनप्रतिनिधियों से मांगी सिफारिशें, टिप्पणियां

इकबाल सिंह शांत/निस

डबवाली, 7 फरवरी

### डीसी ने कहा, आया था पत्र

जिला सिरसा के डीसी शांतनु शर्मा ने ज्यादा जानकारी देने से इंकार किया और कहा कि स्थानीय प्रतिनिधियों से सुझाव लेने का पत्र जरूर आया था। नगर परिषद डबवाली के ईओ सुरिन्दर कुमार ने कहा कि सरकारी निर्देशों पर नप चेयरमैन टेकचंद छाबड़ा का सिफारिश पत्र उच्चाधिकारियों को भिजवा दिया गया है।

सरकारी पत्राचार से डबवाली के जिला गठन की प्रक्रिया अंतिम पड़ाव में होने के संकेत मिल रहे हैं। जिला गठन कमेटी के विचाराधीन मामले में विभिन्न पत्रों के जरिये प्रस्तावित जिला डबवाली के गठन के लिए जनप्रतिनिधियों के सिफारिशी पत्र व टिप्पणियां मांगी गयी हैं। जिनमें नगर परिषद डबवाली, विधायक व सांसद की सिफारिशें भी शामिल हैं। जिन्हें सरकार द्वारा मंडलीय आयुक्त के माध्यम से मांगा गया है।

इस संदर्भ में राजस्व एव. आपदा प्रबन्धन विभाग के वित्तायुक्त एव अतिरिक्त मुख्य सचिव ने पत्र जारी किया गया है। डबवाली जिले में उपमंडल डबवाली, कालांवाली व रानियां क्षेत्र के कुछ गांव शामिल होने की उम्मीद है।

इसके अतिरिक्त डीसी सिरसा ने एसडीएम को पत्र भेज कर प्रस्तावित जिले में कुल अमला, अमले पर अनुमानित मासिक, वार्षिक खर्चा, फर्नीचर व व्हीकल आदि के खर्चों व नये पद सृजन का अनुमानित ब्यौरा मांगा है। जिन्हें जुटाने में उपमंडल कार्यालय का सरकारी अमला तेज़ी से लगा हुआ है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक डबवाली के जिला गठन में अब ज्यादा देरी नहीं हैं। बता दें कि डबवाली, जिला बनने की सभी शर्तों पर खरा उतरता है। हालांकि इससे पूर्व गत वर्षों में सरकार द्वारा कई बार आंकड़े मांगे जा चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि करीब 29 दिसंबर 2024 को जिला गठन कमेटी की बैठक में नए जिले गठन के हेतु जिला उपायुक्त की सिफारिश व ब्लाक समिति के प्रस्ताव, संबंधित विधानसभा के विधायक का प्रस्ताव व नगर पालिका/नगर निगम का प्रस्ताव भी अनिवार्य किया था।

सूत्रों के मुताबिक जिला गठन कमेटी के नये फैसले के मुताबिक जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव मांगे गये हैं व जिला उपायुक्त द्वारा सिफारिश की प्रक्रिया हेतू नये सिरे से एसडीएम डबवाली से प्रस्तावित जिला डबवाली में शामिल होने वाले उपमंडलों, तहसील, उप-तहसील, गांव, पटवार, थाने, जनसंख्या, क्षेत्रफल की संख्या, रकबा व नये जिला का नक्शा आदि मांगे गये हैं। बता दें कि गत दिसंबर में डबवाली को जिला बनाने हेतु कोई प्रस्ताव न आने की बारे में जिला गठन कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण लाल पंवार के कथन समाने आये थे। जिसके उपरांत 26 दिसंबर को तेजाखेडा फार्म हाउस से पहुंचे नव जिला निर्माण कमेटी के सदस्य व कैबिनेट मंत्री मंत्री विपुल गोयल को डबवाली के विधायक आदित्य देवीलाल के नेतृत्व में शहर वासियों ने एक मांग पत्र भी सौंपा था।

## बिजली इंजीनियरों ने जारी रखी गेट मीटिंग, आंदोलन स्थगित

यमुनानगर, 7 फरवरी (हप्र)

हरियाणा पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन (एचपीईए) ने अधिकारियों को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस वापस लेने, तीनों बिजली निगमों के पुनर्गठन और एचवीपीएन में इंजीनियरों के शीर्ष पदों को भरने की मांग को लेकर हिसार और पंचकूला में काले बिल्ले लगाकर अपना प्रदर्शन जारी रखा। गेट मीटिंग में बड़ी संख्या में इंजीनियरों ने भाग लिया। महासचिव रविंद्र घनघस ने कहा कि तीनों निगमों में कोई पुनर्गठन नहीं हुआ है, जबकि कार्यभार कई गुना बढ़ गया है। उपभोक्ताओं की संख्या, ट्रांसमिशन लाइनों का नेटवर्क बढ़ गया है, लेकिन प्रशासन ने कामकाज को सुचारू बनाने के लिए कुछ नहीं किया है। कठिन परिस्थितियों में अधिकारी उपभोक्ताओं की संतुष्टि को पूरा करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। तीनों निगमों के प्रबंधन को कार्यभार पुनर्गठन के लिए तुरंत काम शुरू करना चाहिए।

## चौटाला के कन्या स्कूल में स्टेम मेला

# स्नेहा ग्रुप का मॉडल अव्वल





डबवाली के गांव चौटाला में शुक्रवार को राजकीय कन्या विद्यालय में आयोजित स्टेम मेले में मॉडल पेश करतीं छात्राएं। निस

डबवाली, 7 फरवरी (निस)

गांव चौटाला के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित स्टेम मेले में स्नेहा ग्रुप का कंपित झिल्ली मॉडल प्रथम स्थान पर रहा। मेले में कक्षा-6 से 8 के 69 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिन्होंने 23 ग्रुपों में मॉडल के माध्यम से रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं जीव विज्ञान विषयों को सरलता से पेश किया। मेले का शुभारंभ प्राचार्या पायल वर्मा ने किया। प्राचार्या ने विज्ञान विषय एवं वैज्ञानिक नजरिया दृष्टिकोण का जीवन में महत्व पर चर्चा की। मनीषा व चेतना के जलती मोमबती से द्रव्यमान सिद्धांत व हिंज संधि मॉडल द्वितीय स्थान पर रहा।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन



बिलासपुर स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी एवं अतिथि। -हप्र

यमुनानगर, 7 फरवरी (हप्र)

बिलासपुर स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 'सुरक्षित इंटरनेट दिवस' पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कीर्ति वशिष्ठ ने विद्यार्थियों को इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को किशोर न्याय अधिनियम के बारे में भी जानकारी दी। शिविर में प्रधानाचार्य, शिक्षक और विद्यार्थियों ने भाग लिया। कीर्ति वशिष्ठ ने प्रतिभागियों को नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी।

## एसएफआई ने कुलपति के नाम दिया ज्ञापन

# यूनिवर्सिटी कॉलेज के रिजल्ट जारी करने की मांग

कुरुक्षेत्र, 7 फरवरी (हप्र)

विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान करने की मांग को लेकर शुक्रवार को स्टूडेंटस फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन कुलपति के ओएसडी द्वारा लिया गया।

ज्ञापन में एसएफआई नेता मधु ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी कॉलेज, हॉस्टल, पुस्तकालय तथा विभाग में विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यूनिवर्सिटी कॉलेज के विद्यार्थियों के रिजल्ट पिछले दो सालों से जारी नहीं किए जा रहे हैं। किसी भी पार्क में मुख्य तौर पर रोज गार्डन में डस्टबिन की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे कूड़ा कर्कट फैला रहता है। बहुत सारे डिपार्टमेंट में वॉशरूम की सफाई नहीं हो पा रही। लड़कियों को हॉस्टल के अंदर रीडिंग रूम में केवल रात के 12:00 बजे तक पढ़ने दिया जाता है जिससे उनके पढ़ने का समय सीमित हो जाता है।

एनईपी के तहत नए सिलेबस के अनुसार लाइब्रेरी की किताबों की व्यवस्था की जाए। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि सभी प्रकार के रुके हुए रिजल्ट जारी किए जाए। पुस्तकालय में अपडेट सलेबस के अनुसार किताबों की व्यवस्था की जाए। पुस्तकालय, गार्डन तथा विभाग की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

मैस के खाने की गुणवक्ता में सुधार किया जाए। यूएचसी में दवाइयां व टेस्ट की अच्छी सुविधा होनी चाहिए। स्पोर्ट्स ग्राउंड की स्थिति में सुधार किया जाए व रैसिंग ट्रैक बनवाया जाए। गर्ल्स हॉस्टल से डिपार्टमेंट तक छात्राओं के लिए बस की सुविधा व ई-रिक्शा का प्रबंध किया जाए। डुपलिकेट डिग्री व डीएमसी को मूल प्रति की तर्ज पर बनवाया जाए।

## समालखा बार एसोसिएशन चुनाव की तैयारियां शुरू, 10 ने भरा पर्चा

समालखा, 7 फरवरी (निस)

समालखा बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू हो गईं हैं। 10 उम्मीदवारों ने विभिन्न पदों के लिए अपना नामांकन दाखिल किया है। कैशियर पद के लिए पट्टीकल्याणा के वकील अभित छौक्कर को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। मौजूदा बार प्रधान सचिन छौक्कर सहित प्रधान पद के लिए दो उम्मीदवारों ने पर्चा भरा है।

चुनाव अधिकारी एडवोकेट सुरेंद्र कहराना व एडवोकेट अजय कुहाड़ के अनुसार सचिन छौक्कर और अशोक रावल ने प्रधान पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। वहीं, उपप्रधान पद के लिए अमित राठी,पंकज छौक्कर और सुमन छौक्कर ने नामांकन भरा है। सचिव पद के लिए अनिल शर्मा ओर जितेन्द्र बल्ली तथा सह सचिव पद के लिए सुरजीत गाहल्याण व मनोवर रावल ने नामांकन दाखिल किया जबकि कैशियर पद के लिए एकमात्र अभित छौक्कर ने उम्मीदवारी दर्ज कराई। जिस कारण अभित छौक्कर को निर्विरोध कैशियर नामित किया गया। चुनाव अधिकारी के मुताबिक पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसिल के निर्देशानुसार प्रदेश भर में बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 28 फरवरी को आयोजित किए जाएंगे।

## जेब काटने के आरोप में 2 गिरफ्तार

**कैथल (हप्र) :** जेब काटने के मामले में पुलिस ने दो आरोपी गांव खेड़ीगुलाम अली निवासी सोनू व अमरजीत को गिरफ्तार किया है। सेक्टर 20 निवासी अशोक भारती की शिकायत के अनुसार 12 अगस्त को ब्राह्मण धर्मशाला अर्जुन नगर में उसकी जेब से पर्स चोरी हो गया था। अशोक, विजय, राजकुमार व अन्य व्यक्तियों की जेब से भी नकदी चोरी हुई थी।

## जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र का शानदार प्रदर्शन

फतेहाबाद, 7 फरवरी (हप्र)

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खाराखेड़ी के कक्षा बारहवीं विज्ञान के छात्र तकशील यादव ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन इन फिजिक्स और नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन इन एस्ट्रोनॉमी दोनों परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र के मार्गदर्शन में आयोजित की जाती है जो मुम्बई स्थित टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान का एक राष्ट्रीय केन्द्र है। विद्यालय के प्राचार्य अनूप सिंह ने बताया कि यह विद्यालय के लिए बड़ी गर्व की बात है कि तकशील यादव ने इस राष्ट्रीय स्तरीय परीक्षा में ऐतिहासिक सफलता हासिल करके विद्यालय के साथ-साथ जिले का नाम रोशन किया है।

### गांधी शिल्प बाजार में उमड़ा पर्यटकों का हुजूम

# अजमेर के लैदर, बरेली के जरी वर्क ने मोहा मन

कुरुक्षेत्र, 7 फरवरी (हप्र)



कुरुक्षेत्र में शुक्रवार को हरियाणा कला परिषद के कला कीर्ति भवन में खरीददारी करते लोग। -हप्र

हरियाणा कला परिषद के मुख्यालय कला कीर्ति भवन में चल रहे गांधी शिल्प बाजार में पर्यटकों का हुजूम उमड़ पड़ा है। बड़ी संख्या में लोग अपने घर की शोभा बढ़ाने के लिये शिल्प मेले में जमकर खरीदारी कर रहे हैं। हरियाणा कला परिषद, हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय तथा ग्रीनवैल चिल्डन सोसायटी, नागौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिल्प मेले में शुक्रवार को पुलिस प्रवक्ता नरेश सागवाल ने शिरकत की। इस मौके पर देशभर से आए शिल्पकारों की प्रदर्शनी का अवलोकन करवाया। इस अवसर पर स्टोन कारविंग कलाकार शानू की कला ने सभी पर्यटकों का मन मोह लिया। पर्यटकों ने कहा कि कोटा राजस्थान के पत्थरों को तराशकर उन्हे बेहतरीन कलाकृतियों में बदलना सराहनीय कार्य है। अजमेर के लैदर से बनी सामग्री का भी पर्यटकों ने अवलोकन किया तथा अजमेर से आई कारीगर लक्ष्मी के हुनर की सराहना की। जयपुर से ओमप्रकाश शर्मा की आभूषणों की प्रदर्शनी व जुबैदा बानों की कसीदाकारी देखकर पर्यटक भी गदगद हो गए। बरेली का जरी वर्क भी मेले की शान बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। पर्यटकों को बिहार की मधुबनी पेंटिंग खूब पसंद आ रही है। अंग प्रदेश की मंजूषा कला लोगों के घरों के ड्राइंग रूम व रेलवे स्टेशनों से लेकर होटलों की दीवारों की शोभा बढ़ा रही हैं। पर्यटकों ने कहा कि इस तरह के मेले के आयोजन से हस्तशिल्पियों का मनोबल बढ़ता है और हस्तशिल्प वस्तुओं के चाहने वाले अपनी मनपसंद वस्तुओं को खरीद पाते हैं। गांधी शिल्प बाजार रविवार को सम्पन्न हो जाएगा।

## कष्ट निवारण समिति की बैठक 14 को

**कैथल (हप्र) :** डीसी प्रीति ने बताया कि 14 फरवरी को आरकेएसडी कॉलेज के हॉल में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक होगी। इसकी अध्यक्षता प्रदेश के परिवहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज करेंगे।


AUTHUM औथम इनवेस्टमैंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड

रजि. कार्यालय : 707, रहेजा सेंटर, फ्री प्रेस जर्नल रोड, नरीमन प्वायंट, मुम्बई-400021,
शाखा कार्यालय : 1 ए, फर्स्ट फ्लोर, गोपाला टावर 25, राजेन्द्रा प्लेस, नई दिल्ली-110008

कब्जा सूचना (सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के नियम 8 (2) के अनुसार)

यतः सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 13(12) के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंसट्रक्शन आफ फायनांशियल एसेट्स एंड इनफोर्समेंट आफ सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट एक्ट, 2002 के तहत औथम इनवेस्टमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ("AIIL") (रिलायंस कमर्शियल फायनेंस लिमिटेड (''RCFL'') से AIIL को एनसीएलटी के आदेश दिनांक 10.05.2024 द्वारा लैंडिंग बिजनेस के डीमर्जर करने के रिजल्टिंग कंपनी) के अधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी द्वारा डिमांड नोटिस जारी किया गया, जिसमें कर्जदार/सह कर्जदार को उक्त नोटिस प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर दर्शाई राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया था।

कर्जदार/सह कर्जदार राशि का भुगतान करने में असफल रहे। अतः कर्जदारों/सह-कर्जदार को विशेष रूप में तथा सामान्य रूप से जनता को सूचित किया जाता है कि वे अधोहस्ताक्षरी द्वारा दि सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले उक्त एक्ट की धारा 13(4) के तहत प्रदान की गयी शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नांकित प्रापर्टी का वर्णित तिथि को कब्जा ले लिया गया है।

कर्जदारों/सह-कर्जदार को विशेष रूप में तथा जनता को सामान्य तौर पर चेतावनी दी जाती है कि वे इस प्रापर्टी संबंधी कोई लेन-देन न करें और इस प्रापर्टी संबंधी कोई भी लेन-देन निम्नांकित राशि के लिए औथम इनवेस्टमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ("AIIL") के चार्ज पर आधारित होगा।

कर्जदार/सह-कर्जदार/ गिरवीदाता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्ति को रिडीम करवाने हेतु उपलब्ध समय के संबंध में एक्ट की धारा-13 की उपधारा (8) की व्यवस्थाओं की ओर दिलाया जाता है।

| क्रमांक | कर्जदार/सह कर्जदार का विवरण/लोन खाता नं. | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि/ कब्जे का स्टेटस | डिमांड नोटिस में राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | RHAHDEL000020861/श्री कोशल नाथ (मृतक) (मार्फत उनके सभी कानूनी वारिस)/ श्रीमती सुमन अरोड़ा (पत्नी - कानूनी वारिस)/ सुश्री श्रेया अरोड़ा (पुत्री - कानूनी वारिस)/ श्री रक्षित अरोड़ा (पुत्री - कानूनी वारिस) | 15-Oct-24 | 06-02-2025 Symbolic Possession | Rs. 2837888/- (Rupees Twenty Eight Lakh Thirty-Seven Thousand Eight Hundred Eighty Eight Only) As On 31 October 2024 |

प्रॉपर्टी का विवरण : सम्पूर्ण प्रॉपर्टी फ्लैट नं. टी-140 पहली मंज़िल, Tuscan Floors - टीडीआई Tuscan सिटी कुंडली सोनीपत हरियाणा-131028, माप 1266 वर्ग फुट।

स्थान : हरियाणा
दिनांक : 08.02.2025 DI-25533
अधिकृत अधिकारी,
औथम इनवेस्टमैंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड।



pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट —4—क अचल सम्पत्ति,(या) की ई—नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई—नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालय : — 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली —110001 फोन : — 011—23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
जनकपुरी शाखाः—पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, सी—2/21, प्रथम तल, माता चनन देवी रोड, बैंक ऑफ बड़ौदा के ऊपर, जनकपुरी, नई दिल्ली—110058

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर —ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर—डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर—सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है", जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा कालम नंबर —ए में निदर्शित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः www.pnbhousing.com में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

| ऋण संख्या, कर्जदार/सह—कर्जदार का नाम गारंटर(S) (ए) | मांग सूचना मांग की राशि और तारीख (बी) | कब्ज़ा का प्रकार (सी) | बंधक रखी सम्पत्तिओं का विवरण (डी) | आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई) | ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ) | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी) | बोली वृद्धि राशि (एच) | निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई) | नीलामी की तिथि एवं समय (जे) | ज्ञात ऋणभार/न्यायालय मामला, यदि कोई, (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 00316660000222, बी.ओ.: जनकपुरी, सुरेश प्रसाद यादव/निर्मला देवी | 14.01.2020 तक रु. 8,52,723.04 | भौतिक कब्जा | यूनिट नंबर ई 4/104, वर्धमान गार्डेनिया, सोनीपत, हरियाणा—131001 | रु. 22,24,000 | रु. 2,22,400 | 27.02.2025 | रु. 10,000 | 15.02.2025 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 05:30 बजे | 28.02.2025 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे | अज्ञात बिल्डर बकाया |

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। ''पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं हैं, सिवाय उनके जो कालम नंबर—के में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है।

1. आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिबंध आदेश तथा/अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है। 2. संभावित क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर—के में वर्णित, कार्यवाही/पारित आदेश इत्यादि, यदि कोई, में बहस, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध उसके स्वामित्व के साथ संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है परंतु उसी तक सीमित नहीं है, का निरीक्षण स्वतंत्र रूप से कर सकती हैं तथा सभी संदर्भों में अपनी संतुष्टि अपनी निविदा/बोली आवेदन प्रस्तुत करने अथवा ऑफर(र्स) प्रस्तुत करने से पहले कर सकती हैं। बोलीदाता(ओं) को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। 3. कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% (ब्याना सहित) जमा करने के लिए बाध्य है। पैसा, यदि कोई हो, जमा किया गया) उसी दिन या अगले कार्य दिवस की तुलना में बाद में नहीं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त करने के बाद ही (बोली लगाने वाले) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और इस तरह की जमा राशि के डिफ़ॉल्ट होने पर, संपत्ति / सुरक्षित संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। 4. मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई—नीलामी के माध्यम से बिक्री संचालन में प्राधिकृत अधिकारी कार्पोरेट कार्यालय पता : प्लॉट नंबर 68, तृतीय तल, सेक्टर—44, गुरुग्राम, हरियाणा—122003 वेबसाइट—www.bankeauctions.com सहायता करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, पीएनबीएचएफएल प्राधिकृत अधिकारी पवन कुमार संपर्क नंबर 1800 120 8800, या सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अथवा www.pnbhousing.com पर देखें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 08—02—2025
प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड